सार-समाचार

सड़क हादसे में युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के झालण मठ के पास एक टक ने ओवरटेक करते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक युवक की मौत हो गई, वही तीन अन्य घायल हो गए। जिन्हें 108 की सहायता से जिला अस्पताल लेकर आया गया। शहर के तहसील चौराह से नवाडेरा मार्ग पर झालण मठ मोड के नजदीक एक टक ने ऑटो को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिससे एक लडके की मौत हो गई वही तीन अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसान कलाल घाटा के एक ही परिवार के सात जने आंतरी के पास भेडमाता मेले में दर्शन करने गए थे। सभी एक ही गांव और मोहल्ले के थे। वापसी में उन्होंने भंडारिया निवासी हरिश रोत के ऑटो में बैठकर अपने गांव लौट रहे थे। शहर में तहसील चौराह से नवाडेरा मार्ग पर झालण मठ मोड के पास एक टक तेज रफतार में आते हुए ऑटो से ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिससे टक के पीछे का हिस्सा ऑटो से टकरा गया। इससे ऑटो पलटी मार गया। ऑटो में सवार लोकेश पुत्र धुला बरंडा उम्र 16 निवासी कलाल घाटा को गंभीर चोट लगी। उसे जिला अस्पताल में लेकर आए। जहां डाक्टरों के ईलाज शुरू करने से पहले उसकी मौत हो गई। वही उसके साथ जीजा पुत्री गोलन बरंडा उम्र 17 साल, मनीषा पुत्री थावर बरंडा घायल हो गए। जहां उन्हें जिला अस्पताल में ईलाज किया गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाया है। वही अठीम अनुसंधान शुरू किया।

मक्का से भरा ट्रोला पलटा

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के तिजवड के निकट गुप्ता पेट्रोल पंप के पास सोमवार तडके 3 बजे मक्का से भरा हुआ एक ट्रोल सडक किनारे पलटने से चालक और खलासी घायल हो गए। ट्रोला चालक ने घाटोल निवासी मुकेश पुत्र हकरू डामोर ने बताए कि धरियावद से मक्का से भर कर गुजरात के हिम्मतनगर जाने के लिए निकली। सोमवार तडके जैसे ही ट्रक लेकर तीजवड से गुप्ता पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तभी सडक पर अचानक सामने से गलत साइड से कंटेनर आ गया। चालक ने कंटेनर बचाने के चक्कर ट्रोल से अपना नियंत्रण खो बैठा तथा सडक किनारे बिजली के पोल से टकराते हुए सडक किनारे दुकान से टकराते हुए ट्रोला पलटने अंदर रखा मक्के सडक पर बिखर गए। हादसे में चालक मुकेश और खलासी कांतिलाल को चोटे आई। सूचना मिलने पर मौके पर 1०8 पहुंची तथा घायल खलासी कांतिलाल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर सोमवार सुबह पलटे ट्रोले में पडा मक्का के कट्टे की रखवाली कर रहे चालक से कुछ लोगों ने मारपीट करने के बाद मक्के कट्टे चुरा के ले जाने की घटना को अंजाम दिया।

ट्रोले से बाइक टकराने से युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)।उदयपुर जिले के खेरवाडा में नेशनल हाईवे 48 पर सडक खडे ट्रोले के पीछे बाइक जा टकराने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दो युवकों में एक युवक में एक को गंभीर चोंटे आई वहीं अन्य युवक को मामूली चोट पहुंची। घायलों को हाईवें की 1०8 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बाइक एक युवक मृत घोषित कर शव जिला अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं घायल युवका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसान झालावाडा हाल निवासी चुंडावडा निवासी महेंद्र पुत्र अनिल रावएअपने छोटे भाई अरविंद तथा मामा राहुल के साथ बाइक लेकर चुंडावाडा से केसरियाजी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान बाइक को महेंद्र चला रहा था तथा पीछे छोटा भाई अरविंद और मामा राहुल बैठे हुए थे। बाइक लेकर जैसे खेरवाडा पहुंचे इस दौरान हाईवे पर खडे ट्रोले पीछे जाकर बाइक जा भिंडी। हादसे में बाइक चला रहा महेंद्र सिर पर और मामा राहुल हाथ पैरे से गंभीर चोंटे आई। सूचना मिलने पर मौके पर खेरवाडा पुलिस तथा घायल युवकों को हाईवे की 1०8 एबुलेंस की मदद से डूंगरपुर जिला भेजा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद महेंद्र राव को मृत घोषित कर दिया तथा शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। वहीं राहुल की जिला अस्पताल में भर्ती करवाया तथा इसका इलाज जारी है। इधर सूचना मिलने पर मौके पर मृतक महेंद्र के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के पाडलाथूर गांव में एक महिला का शव घर में फंदे पर लटका मिला। महिला की साल भर पहले शादी हुई थी। खबर मिलते ही कुवैत में रोजगार करने गया पति भी लौट आया है। पीहर पक्ष की मांग पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दोवडा थाने के एसआई ने बताया कि पाडलाथुर निवासी काजल पत्नी जितेंद्र पंचाल का शव रविवार शाम के समय उसके घर के कमरे में ही साडी से फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर बांसवाडा के बागीदौरा से पीहर पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि काजल और जितेंद्र की शादी साल भर पहले ही हुई थी। जितेंद्र कुवैत में रोजगार करता है। करीब 4 महीने पहले ही कुवैत गया था। रविवार को पत्नी काजल के फंदा लगाने का पता लगने पर वह अपने घर लौट आया। शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। दोवडा थाने से पुलिस की टीम भी पहुंच गई। पीहर पक्ष ने बेटी की मौत पर जांच करवाने की मांग की। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पूरे मामले की जांच एसडीएम की ओर से की जाएगी।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। सायरा थाना क्षैत्र में अनियंत्रित बाइक तालाब में जा गिरी। हादसे में चालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात में बाइक चालक पाबा सायरा निवासी चुन्नीलाल पुत्र गणेशलाल गरासिया बाइक सहित भगेश्वर तालाब में जा गिरा। जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। चुन्नीलाल बाईक लेकर सायरा से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में भगेश्वर महादेव के समीप भगेश्वर तालाब पुलिया से निकलते समय अनियंत्रित बाइक तालाब में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने पर एएसआई रजेन्द्रसिंह, हेउकांस्टेबल शवन्त जाला ने मौके पर पहुंच कर उसे बाहर निकाल स्थानीय चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। दूसरे दिन मंगलवार को हेडकांस्टेबल यशवंत झाला ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

अवैध अफीम दूध व नकदी बरामद

उदयपुर, (कासं)।प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान सौ किलों से अधिक अवैध अफीम दुध एवं नकदी बरामद कर दो तस्करों व एक खरीददार को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध अफीम दुध तस्करी करने वाले दो तस्करों एवं माल खरीरदार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 101.11 किलों अवैध अफीम दुध व 1 लाख 50 हजार रूपये नकदी बरामद कर तस्कर दुर्गाशंकर अहीर पुत्र भंवर अहीर निवासी मंगलवाड़ मौहल्ला ब्रह्मपुरी थाना मंगलवाड़ चित्तौड़गढ, श्यामलाल पुत्र वबदीराम भांगी निवासी मंगलवाड़ मोहल्ला ब्रम्हपुरी मंगलवाड़ चित्तोड़गढ तथा खरीददार सुरेश शर्मा पुत्र धनराज शर्मा निवासी पुरानी बैंग गली कानपुर प्रतापनगर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

कलश यात्रा का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। निकटवर्ती ऐतिहासिक गांव आसोलिया की मादडी एवं खेडा , आमेला , सैगडयि में निवासियों तथा भामाशाह एवं दानदाताओं के सहयोग से श्री चामुंडा माता जी के प्रसिद्ध स्थानक पर एक मंदिर 51 फीट ऊंचा संगमरमर पत्थर में निर्मित हुआ यह स्थान आस पास के दर्जनों गांवों का श्रद्धा केन्द्र है आसोलिया की मादडी के अतिरिक्त बोयणा भोपतखेडी धर्मेता सुखवाडा पावटा , साकरिया खेडी, शोभजी खेडा देवाली पालवास भीमल मानमथारा वांगरोदा वाजविया के श्रद्धालु यहां हर रविवार एवं नवरात्रि में दर्शन करने आते हैं। नवनिर्मित मंदिर पर ध्वज दंड,कलश एवं चतुर्दिक पाल की प्रतिष्ठा मार्ग शीर्ष 6दिसम्बर को प्रतिष्ठा होगी। प्रतिष्ठा में नवकुंडीय पंच दिवसीय यज्ञ एवं शतचंडी पाठ होगा पूर्णाहुति 6 दिसंबर प्रातः 9 बजे व धर्म सभा होगी। सोमवार को कलश यात्राआसोलिया मादडी गांव से प्रारंभ होकर आसोलियों का खेडा का , आमेला ,सैगडयि आदि का संयुक्त रूप से योगदान एवं सहयोग रहा यज्ञ मंडप चामुंडा माता मंदिर जाकर समापन हुआ । मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि यज्ञमंडप मैं प्रथम दिवस नव कुंडी यज्ञ किया गया जिसमें दुर्गा सप्तशती का निरंतर निरंतर पाठ करते हुए हवन में आहुतियां दी गई यज्ञ आचार्य पुष्कर जी महाराज एवं खुशवंत कुमार आमेटा (पिंटू महाराज) यज्ञ के आचार्य सानिध्य में यज्ञों का आयोजन हो रहा है।

कुंभलगढ़ महोत्सव में दिखा लोक संस्कृति व संगीत का अद्भुत संगम

राजसमंद,(निसं)।राज्य सरकार द्वारा कुंभलगढ में आयोजित तीन दिवसीय कुंभलगढ फेस्टिवल में पर्यटकों का सैलाब उमड रहा है। राजस्थान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर कुंभलगढ दुर्ग में चल रहे 18वें कुंभलगढ महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ सजे दुर्ग परिसर में हुआ। सायं प्रस्तुति में वायलिन के सुरों ने जब श्रोताओं का स्वागत किया तो वातावरण संगीतमय हो गया। पंडित कैलाश चंद्र मोठिया और योगेश चंद्र मोठिया ने वायलिन पर राग जोग और राग दुर्गा की अद्भुत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन

- **सवाई भाट और मोठिया की प्रस्तुति ने मोहा मन, लोक कलाकारों के साथ थिरके सैलानी**
- **कच्ची घोडी, कालबेलिया, घूमर, चकरी, सहरिया और चरी नृत्य देखने उमड़े सैलानी**

वंदे मातरम की धुन के साथ हुआ, जिससे परिसर देशभक्ति के जज्बे से भर गया। सवाई भाट और ग्रुप की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पर्यटक मंत्रमुग्ध हो उठे। सवाई भाट को सुनने लोग उमडे रहे। दूसरे दिन की मुख्य आकर्षण प्रस्तुतियों में जोधपुर के जीवन नाथ और उनकी लंगा पार्टी ने अपनी आवाज से लोगों को कार्यक्रम में जोडे रखा। छाप तिलक सब छीनी..., निंबुडा निंबुडा और केसरिया बालम जैसे लोकगीतों ने दर्शकों को आनंदित किया। वहीं,

कुंभलगढ़ फेस्टिवल 2024 के साफा बांध प्रतियोगिता में भाग लेते एवं नाचते पर्यटक।

बाडमेर के पारसमल एंड पार्टी के लाल आंगी गैर नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देसी ढोल की थाप पर किया गया यह नयनाभिराम नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र बना। चित्तौड के दुर्गा शंकर एंड पार्टी ने अपने बहरूपिया प्रदर्शन से लोगों का खूब मनोरंजन किया। उनके अलग-अलग वेश और पारंपरिक कला ने राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया। तीन दिवसीय महोत्सव में दिनभर दुर्ग परिसर में राजस्थान की संस्कृति और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। कच्ची घोडी, कालबेलिया, घूमर, चकरी, सहरिया और चरी नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य दर्शकों को खूब भा रहे हैं। साथ ही साफा बांधने, रंगोली मांडना और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजन का हिस्सा हैं, जिनमें विजेताओं को पर्यटन विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विदेशी और देशी पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और लोक कलाकारों के साथ थिरक रहे हैं। महोत्सव के दौरान पर्यटन विभाग की पर्यटन उप निदेशक शिखा सक्सेना, सहायक निदेशक विवेक जोशी, पर्यटक अधिकारी जितेंद्र माली, सहायक पर्यटक अधिकारी नीलू राठौड, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष भरतपाल सिंह, हेरिटेज सोसायटी के सचिव कुबेरसिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे। पर्यटन विभाग की उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि यह महोत्सव न केवल राजस्थान की संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि यह स्थानीय और विदेशी पर्यटकों को राज्य की कला और संगीत से जोडने का एक माध्यम भी है। कुंभलगढ महोत्सव, राजस्थानी धरोहर और लोक संस्कृति का अनूठा मेल है, जो सालभर पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। कुंभलगढ महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को बरखा जोशी एवं ग्रुप कथक और लोक गायन की प्रस्तुति देंगे। साथ ही, मोहित गंगवानी और ग्रुप तबला वादन करेंगे। सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पगडी बांधो प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, लोक नृत्य और लोक गायन जैसी गतिविधियां आयोजित हुई।

समाज संगठित होगा तो समाज की शक्ति बढ़ेगी : मनोज गर्ग

उदयपुर, (कासं)। जोधपुर हाई कोर्ट के न्यायाधिपति मनोज गर्ग रविवार देर शाम को उदयपुर पहुंचे। जहां के के गुप्ता परिवार एवं अग्रवाल समाज के सभ्रांत नागरिक बंधुओं ने भव्य स्वागत सत्कार किया।

न्यायाधिपति मनोज गर्ग द्वारा समाज हित के लिए किये जा रहे कार्यो

- **के के गुप्ता ने डूंगरपुर को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाकर कीर्तिमान हासिल किया : न्यायाधिपति गर्ग**
- **अग्रवाल समाज बंधु का कार्यक्रम आयोजित**

की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज संगठित होगा तो समाज की शक्ति बढेगी तथा सभी अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में समाज द्वारा जनहित में ऐतिहासिक कार्य किया तथा कहा कि के के गुप्ता द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर जो अभियान चलाया जा रहा है वह हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है हम सभी को इस अभियान में गुप्ता का सहयोग करना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री द्वारा एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर गुप्ता को सम्मान मिलना समाज की बहुत बडी उपलब्धि है।

गुप्ता ने कहा कि आज देश में करीब

अग्रवाल समाज के सभ्रांत नागरिक बंधुओं के कार्यक्रम में जोधपुर हाई कोर्ट के न्यायाधिपति मनोज गर्ग व समाज बंधु।

7 करोड अग्रवाल ये निश्चय करले कि हमें देश स्वच्छ बनाना है तो समाज का नाम भी होगा और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का सपना भी साकार होगा। आज समाज को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि समाज का इंटेलिजेंट युवा सीए, इंजीनियर, डाक्टर तो बन रहा है परन्तु आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आरजेएस की तरफ ध्यान नहीं दे रहा हैं।

गुप्ता ने बताया कि नए बने न्यायिक अधिकारियों का शीघ्र ही उदयपुर में सम्मान समारोह रखा जाएगा, जिसमें न्यायाधिपति मनोज गर्ग एवं अन्य न्यायाधिपति की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रवासी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एस के खेतान, वैष्णव समाज के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल रामचंद्र मित्तल, दीपक बंसल, बालमुकुंद पित्ती, जिला अग्रवाल युवा मंडल अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, संरक्षक डॉ नवनीत पित्ती, महामंत्री नलिन गुप्ता, गजेंद्र अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, विनय झुनझुनवाला, जगदीप मंगल, नंदलाल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सुशील मेडतिया, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, समाज की महिला शक्ति में सुशीला गुप्ता, वीणा अग्रवाल, बबिता खेतान, आभा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, तरुणा गुप्ता, हर्षिका गुप्ता, लता अग्रवाल, अमिता भंडारी, नीलम, रिंकू, रमा, संतोष, आशा, ऋतु, अनिता, अभिलाषा, सुषमा, कामिनी सहित विशाल संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

उदयपुर को मिला भारत का पहला डिजिन आर्किटेक्चर अवार्ड

उदयपुर, (कासं)। विश्व प्रसिद्ध झीलों की नगरी ने एक बार फिर विश्व पटल पर अपने आपको स्थापित करते हुए भारत का पहला डिजिन आर्किटेक्चर अवार्ड जीता। लंदन में हुई वर्ष 2024 की डिजीन अवार्ड सेरेमनी में 'आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर' अवार्ड प्रदान किया गया। अनन्य सिंघल ने इस उपलब्धि पर अपनी बात रखते हुए कहा कि हम इसे भारत और विदेशों में भारतीय वास्तुकारों, डिजाइनर्स और शिल्पकारों द्वारा किए जा रहे काम को बड़ी मान्यता के रूप में भी देखते हैं। निर्माण की वैश्विक प्रणालियों में विकसित देशों में अब भारतीय वास्तुकला के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं के कामों को शामिल किया जा रहा है। हम भारतीय अपने कार्यों सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए दुनिया को बहुत कुछ देने की क्षमता रखते है। बदलाव के इस दौर में स्टूडियो सार के लिए यह पुरस्कार हमारी वास्तुकला की शक्ति को दिखाता है और हमारी टीम की काम के प्रति प्रतिबद्धता को पक्का करता है। सिंघल ने बताया कि पुरस्कार का चयन करने वाली ज्यूरी के सामने इंग्लैंड, जापान, चीन व भारत सहित छह देशों के आर्किटेक्चरल स्टूडियों शामिल थे। यह अवार्ड वास्तुकला कार्यों को वर्षभर ध्यान से देखने के बाद स्टूडियो सार को प्रदान किया गया। आर्किटेक्चर कैटेगरी में डिजीन की तरफ से पहली बार किसी भारतीय कंपनी को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उदयपुर में कला, विज्ञान और मनोरंजन के अनूठे थीम सेंटर 'थर्ड स्पेस' का निर्माण भी वास्तुकला के अनुरूप सार ने किया है।

विद्यापीठ शिक्षा और शोध में सर्वश्रेष्ठ डीम्ड विवि से सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विवि) ने आईआईआरएफ इम्पैक्ट अवार्ड्स 2025 में शिक्षा और शोध में सर्वश्रेष्ठ डीम्ड विवि पुरस्कार से सम्मानित होकर अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक और प्रतिष्ठित उपलब्धि जोड ली है। यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता और शोध में दिए गए असाधारण योगदान को व इसे भारत में उच्च शिक्षा में अग्रणी के रूप में मान्यता देता है।

यह पुरस्कार उदयपुर में विवि के प्रताप नगर परिसर में भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) के एक प्रतिनिधि शिव शंकर शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत, कुलपति, और बी.एल. कुल प्रमुख ने विवि की ओर से यह सम्मान प्राप्त किया। प्रो. सारंगदेवोत ने इस सम्मान के लिए आईआईआरएफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे संकाय सदस्यों,

प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत, कुलपति, और बी.एल. कुल प्रमुख ने विवि की ओर से सम्मान प्राप्त किया।

शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के अथक सफल प्रयासों का प्रमाण है। यह विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने और नवाचार की संस्कृति को बढावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। राजस्थान विद्यापीठ में, हम परंपरागत शिक्षा को आधुनिकता के साथ मिलाने का प्रयास करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे शैक्षणिक और शोध प्रयास समाज में सार्थक योगदान दें।

बी.एल. गुर्जर ने विवि की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डाला।समन्वयक डॉ. चंद्रेश छ्तलानी ने बताया कि आईआईआरएफ इम्पैक्ट अवार्ड्स अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए जाने जाते हैं, जो शैक्षणिक मानकों, शोध आउटपुट, इंडस्ट्री सहयोग और सामाजिक प्रभाव में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले संस्थानों को प्रदान किए जाते हैं। रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. यज्ञ आमेटा, निजी सचिव कृष्णकांत नाहर, जितेन्द्र सिंह चौहान, विकास डांगी सहित कार्यकर्ता कार्यक्रम उपस्थित थे।

सार-समाचार

झांसा देकर ठगी, दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।शहर के सविना थाना पुलिस ने लोन दिलाने का झांसा देकर पीडित से नकदी हडपने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसर पीडित मोहनलाल रेगर पुत्र प्रतापजी निवासी भुपालसागर चित्तौड़गढ ने 24 अक्टूबर को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मुझे ऋण की आवश्यकता होने पर भूपालसागर निवासी गोविंद पाराशर के जरिये राजेन्द्र सिंह से मुलाकात हुई। इस पर उसे मेरे सभी दस्तावेज उसे दे दिये तथा मेरी पत्नी के नाम से संयुक्त फार्म भरवाया। इस दौरान चार लाख का ऋण स्वीकृत होकर ट्रांसफर नहीं होने की जानकारी दी। इसके बाद राजेन्द्र सिंह ने युवराज सिंह के साथ मिल कर 13 लाख 75 हजार का ऋण फाईल एठीमेंट पर हस्ताक्षर करवा दस चैक ले लिए। जिनमें से एक चैक जरिये संदीप सांखला ने मेरे खाते से 4 लाख रूपये निकलवा लिए। इस दौरान ठगी संदीप सांखला, राजेन्द्रसिंह, युवराज सिंह और गोविन्द पाराशर द्वारा धोखाधड़ी करने की जानकारी सामने आई। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी संदीप कुमार सांखला पुत्र सुरेशचन्द्र सांखला निवासी गांधी नगर कोतवाली चित्तोड़गढ, देवराजसिंह सांखला उर्फ राजेन्द्रसिंह उर्फ देवेन्द्रसिंह पुत्र प्रेमसिंह सांखला निवासी कानोड़ को गिरफ्तार किया। आरोपी देवराजसिंह सांखला के खिलाफ पूर्व में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमकाने का प्रकरण दर्ज हैं।

विद्यार्थियों ने किया सामूहिक वस्त्र दान

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नस स्टडीज में अध्यनरत बीबीए, बीकॉम तथा बीए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों ने समाज के कमजोर वर्ग के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए वस्त्र दान किये। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ ही संकाय सदस्यों ने भी अपने अनुपयोगी किंतु पहनने योग्य कपड़े इकट्ठे करें। इसके तहत सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के कपड़े एकत्र किए गए तथा इन कपड़ों को स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों में वितरण के लिए दिया गया। प्राचार्य डॉ. अनुराग मेहता ने कहा कि यह न सिर्फ सहयोग व सहकार की भावना को विकसित करने के लिए उठाया गया एक कदम है किंतु पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए भी यह अति आवश्यक है कि हम संसाधनों का सदुपयोग करें। वस्त्र निर्माण में बहुत सा जल प्रयोग में आता है साथ ही ऊर्जा का भी क्षय होता है इस कारण उत्पादित वस्त्रों का यदि पूर्णरुप से दीघ अवधि तक प्रयोग हो तो प्राकृतिक संसाधनों पर भी दबाव कम होता है। संयोजक डॉ. अली अजगर जून ने बताया कि प्रबंधन की शिक्षा अर्जित कर रहे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व तथा भारतीय मूल्य जैसे विषयों का समावेश नई शिक्षा नीति के तहत किया गया है जिसके क्रियान्वयन में इस प्रकार की समाजोपयोगी गतिविधियों का विवि द्वारा आयोजन किया जा रहा हैं।

विश्व एड्स दिवस का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि हॉस्पिटल में एड्स डे का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ अभिजीत बासु प्रोफेसर नोडल ऑफिसर, डॉ.नवगीत माथुर एआरटी एसएमओ, डॉ कल्पना गुप्ता नोडल ऑफिसर एसटीआई क्लिनिक, डॉ मेधा शर्मा नोडल ऑफिसर आईसीटीसी, डॉ अवंतिका सिंह एमओ एआरटी, डॉ अतुल लुहाडिया एनटीइपी नोडल ऑफिसर, डॉ रवि मांगलिया एमडी मेडिसिन द्वारा उपस्थित सभी लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। संचालन अंजलि डेविड, पूजा, सुनीता गुप्ता, नरेंद्र सेठिया, अमित ने किया।

पेसिफिक कला महाविद्यालय बना विजेता

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक विवि के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में अंतर-महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन मे विश्वविद्यालय की छः टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल और निर्णायक मैच पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय और पेसिफिक फिजिकल महाविद्यालय के मध्य हुआ जिसमें पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय विजेता रहा। समारोह में मुख्य अतिथि पेसिफिक क्रीड़ा मण्डल अध्यक्ष प्रो. हेमन्तकोठारी, पेसिफिक पॉलिटेक्निक निर्देशक डॉ. मुकेश श्रीमाली थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पेसिफिक मैनेजमेंट कॉलेज के डॉ. विपीनमाथुर एवं फिजिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमन्त पण्ड्या थे । कार्यक्रम के समापन सत्र में आए अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता छात्रों को पारितोषिक दिये। कार्यक्रम में विवि के सभी खेल अधिकारी मौजूद थे। डॉ. नीरज श्रीमाली ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दुष्कर्म करने वाला विधी से संघर्षरत बाल अपचारी डिटेन

उदयपुर, (कासं)। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को पुलिस ने डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार 29 नवंबर को पीडिता ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 28 नवंबर को मैं घर से स्कूल जा रही थी। इस दौरान कार लेकर आए दो लडके कार में मेरा अपहरण कर ले गए। जहां एक कमरें में ले गए तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया। वहां से मुझे आरोपी उदयपुर छोड़ कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल के सुपरजिवन में अनुसंधान अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक राजीव राहर ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर सम्प्रेषण गृह भिजवाया।

सामान लेने आए युवकों ने किया हमला

उदयपुर, (कासं)। शहर के आयड़ क्षेत्र में स्थित एक किराये की दुकान पर देर रात सामान लेने आए बदमाशों ने किराणा व्यापारी के भाई पर चाकू से हमला कर दिया। मौके पर भीड़ एकत्रित होने से पहले हमलावर वहां से फरार हो गए।भूपालपुरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 12 बजे आयड़ निवासी महमूद भाटी पुत्र अहमद नूर अपने बड़े भाई नुरूल इस्लाम के साथ खड़ होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान क्षेत्र के ही लौहार कॉलोनी निवासी अमान, साबीर, सोहेल, बबलू आए और किराणे का सामान देने की बात कहने लगे तो उन्होंने दुकान बंद होने का हवाला दिया। इस दौरान युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया और अमान ने चाकू से नुरूस्लाम के सीने पर चाकू मार दिया।

आम सूचना

मेरे पक्षकारान 1.श्रीमती रितु जैन पति पवन कुमार लसोड 2. राजेश समदानी पिता श्याम लाल जी समदानी 3. मुकेश समदानी पिता श्याम लाल जी समदानी आयु वयस्क निवासियान चित्तौडगढ के निर्देशानुसार हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान व अविनाश चौहान पुत्र कन्हैया लाल चौहान निवासी उदयपुर द्वारा एक भागीदारी विलेख का निष्पादन दिनांक 01-04-2018 को गठन किया और उदयपुर में भागीदारी फर्म के रूप में स्वर्ण फिटनेस सेंटर के नाम से व्यवसाय किया जा रहा है। उक्त फर्म के भागीदार अविनाश चौहान ने अधिवक्ता के माध्यम से आम सूचना दिनांक 15-10-2024 विधि विरूद्ध रूप से अखबार में प्रकाशित करायी है । उक्त भागीदारी फर्म का विघटन दिनांक 08-10-2024 को नहीं हुआ। उक्त भागीदारी फर्म वर्तमान में अस्तित्व में है । उक्त फर्म का विधिवत विघटन नहीं होने के कारण मेरे पक्षकारान उक्त भागीदारी फर्म के विधिवत भागीदार है । उक्त भागीदार अविनाश चौहान उक्त भागीदारी फर्म की परिसंपत्तियों को अवैध रूप से रहन,बह अंतरित करनेपर आमादा है। जिसका उसे अधिकार नहीं है । भागीदारी फर्म का व्यवसाय कार्यकरने हेतु राजेश समदानी तथा मुकेश समदानी द्वारा अविनाश चौहान तथा रितु जैन के पक्ष में निष्पादित पावर ऑफ अटोर्नी (विशेष अधिकार विलेख) दिनांक 06-08-2019 को दिनांक 28-11-2024 को निरस्त कर दिया है ।

अतः हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त भागीदारी फर्म की किसी भी चल अचल परिसंपत्ति को मेरे पक्षकारान भागीदारान की सहमति के बगैर क्रय नहीं करे किसी प्रकार से अंतरित नहीं करें। अन्यथा ऐसा अन्तरण भागीदारी फर्म एवं मेरे पक्षकारान् के कानूनी अधिकारों के मुकाबले बेअसर होकर शुन्य होगा ।

(कृष्ण गोपाल व्यास) एडवोकेट
दि.29.11.2024 चित्तौड़गढ़ (राज.)
मो.नंबर 94141-10590

**भीलवाड़